India Ratings & Research
A Fitch Group Company

**Fitch Group**

**श्री एम.के.मित्तल,**
**निदेशक(वित्त)**
**डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड,**
**पांचवा तल, प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन बिल्डिंग परिसर**
**नई दिल्ली - 110001**
**फैक्स: 011-23454615**

11 जनवरी, 2016

**<u>श्री एम.के.मित्तल, निदेशक (वित्त) के ध्यानार्थ</u>**

मान्यवर,

**संदर्भ: डीएफसीसीआईएल की दीर्घावधि ईश्यूअर रेटिंग**

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (Ind-Ra) द्वारा डीएफसीसीआईएल को "IND AAA" दीर्घावधि ईश्यूअर रेटिंग सुनिश्चित की है। यह दृष्टिकोण संतुलित है।

अपनी रेटिंग जारी करने और उसे बनाए रखने में, इंडिया रेटिंग्स ईश्यूअर और अंडरराइटर्स और अन्य स्त्रोतों से प्राप्त वास्तविक जानकारी पर निर्भर करती है, जिसके लिए इंडिया रेटिंग्स को विश्वसनीय माना जाता है। इंडिया रेटिंग्स द्वारा वास्तविक जानकारी पर विश्वास करते हुए उसके रेटिंग के तरीके पर के अनुरूप उचित छानबीन की जाती है, और स्वतंत्र स्त्रोतों से उस सीमा तक उक्त जानकारी का पर्याप्त सत्यापन कराया जाता है, जहां तक वे स्त्रोत पर्याप्त सुरक्षा के लिए होते हों और किसी कार्यक्षेत्र के लिए उपलब्ध होते हों।

तथ्यपरक छानबीन और थर्ड-पार्टी वेरिफिकेशन के लिए इंडिया रेटिंग्स का तरीका, सुरक्षा की निर्धारित दर की प्रकृति और इसे जारी करने वाले की आवश्यकताओं और उस कार्यक्षेत्र की प्रक्रियाओं के आधार पर भिन्न-भिन्न होगी, जिसमें तय सुरक्षा प्रस्तावित की जाती है और विक्रय होती है और / अथवा जिसमें जारीकर्ता मौजूद होता है, अपेक्षित सार्वजनिक जानकारी की उपलब्धता और प्रकृति, जारीकर्ताओं और उनके सलाहकारों के प्रबंधन तक पहुंच, थर्ड-पार्टी सत्यापनों की पूर्व-विद्यमान उपलब्धता जैसे लेखा परीक्षा रिपोर्टें, सहमति वाले प्रक्रिया संबंधी पत्र, मूल्यांकन, वास्तविक रिपोर्टें, इंजीनियरिंग रिपोर्टें, कानूनी राय और थर्ड-पार्टियों द्वारा उपलब्ध स्वतंत्र और सक्षम सत्यापन स्त्रोतों की उपलब्धता अथवा ईश्यूअर के कार्यक्षेत्र विशेष में तथा अन्य  विभिन्न कारक शामिल होते हैं।

उपयोगकर्ताओं को इंडिया रेटिंग्स की रेटिंग्स को समझना चाहिए कि थर्ड-पार्टी की न तो संवर्धित तथ्यपरक छानबीन से और न ही सत्यापन से यह सुनिश्चित हो सकता है कि रेटिंग के संबंध में इंडिया रेटिंग्स जिस समस्त जानकारी पर निर्भर करती है वह सटीक और पूर्ण होगी। अंततः इंडिया रेटिंग्स और मार्केट में दस्तावेज और अन्य रिपोर्टों के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराते समय उसकी सटीकता के

लिए ईश्यूअर और उसके सलाहकार जिम्मेदार होते हैं। अपनी रेटिंग्स जारी करने के लिए रेटिंग्स इंडिया को विशेषज्ञों के कार्य पर विश्वास करने के साथ-साथ वित्तीय विवरणों और विधिक तथा कर संबंधी मामलों के संबंध में न्यायवादियों पर विश्वास करना चाहिए। साथ ही, रेटिंग्स सहज रूप में भविष्य की ओर देखने वाली और अनुमान लगाने वाली होती हैं तथा उन भावी घटनाओं का पूर्वानुमान लगाने वाली होती हैं जिनकी प्रकृति के कारण उनका तथ्यों के रूप में सत्यापन नहीं किया जा सकता। फलस्वरूप, विद्यमान तथ्यों के सत्यापन के बावजूद, ऐसी भावी घटनाओं अथवा परिस्थितियों के द्वारा रेटिंग्स प्रभावित हो सकती है, जिनकी रेटिंग जारी करते समय अथवा उनकी पुष्टि करते समय अनुमान नहीं लगाया गया था।

इंडिया रेटिंग्स अपने रेटिंग्स मापदण्ड और तरीकों में निरंतर सुधार चाहती है तथा विशेष तरह की सिक्योरिटी के लिए इसके मापदण्ड और तरीकों के विवरण अपनी वेबसाइट पर आवधिक रूप से अद्यतन करना चाहती है। किसी रेटिंग निर्धारण के लिए उपयोग होने वाले मापदण्ड और तरीके वे होते है, जो रेटिंग की कार्रवाई के समय प्रभावी होते हैं, जिसकी पब्लिक रेटिंग की तारीख वह तरीख होती है, जब रेटिंग संबंधी कार्रवाई की जाती है। प्रत्येक रेटिंग कार्रवाई की कमेंटरी उल्लिखित रेटिंग के निर्धारण के लिए उपयोग होने वाले मापदण्ड  और तरीके के बारे में जानकारी उपलब्ध कराती है, जो किसी एक समय पर वेबसाइट में पोस्ट किए गए लागू सिक्योरिटी टाइप के लिए अपनाए गए मापदण्ड और तरीके से भिन्न हो सकती है। इस कारणवश, आपकों किसी दी गई पब्लिक रेटिंग के आधार पर सर्वाधिक सटीक जिम्मेदारी के लिए लागू रेटिंग एक्शन कमेंटरी का सदैव अध्ययन करना चाहिए।

रेटिंग्स उन निर्धारति मापदण्ड और तरीकों पर आधारित होती है, जिनका इंडिया रेटिंग्स द्वारा नियमित रूप से मूल्यांकन और अद्यतन करने का कार्य किया जा रहा है। अत: रेटिंग्स, इंडिया रेटिंग्स का एक सामूहिक कार्य उत्पाद है, और कोई व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह अकेले रेटिंग्स के लिए जिम्मेदार नहीं है। ऑल इंडिया रेटिंग्स रिपोर्टों से ऑथरशिप को साझा किया गया है। इंडिया रेटिंग्स की किसी रिपोर्ट में शामिल किसी व्यक्ति को पहचान तो दी जा सकती है, किंतु उसमें शामिल राय के लिए उसे अकेले जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

रेटिंग्स किसी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से आपके लिए अथवा किसी अन्य व्यक्ति के लिए कोई सिफारिश अथवा सुझाव नहीं है कि कोई खरीद-फरोख्त की जाए, कोई निवेश किया जाए अथवा उसकी संभाल की जाए, कोई ऋण अथवा प्रतिभूति ली जाए अथवा किसी निवेश ऋण अथवा प्रतिभूति अथवा किसी ईश्यूअर के संबंध में कोई निवेश नीति अपनाई जाए। रेटिंग्स बाजार मूल्य की पर्याप्तता, किसी निवेश अथवा किसी निवेशक विशेष (किसी सीमा के बिना, किसी लेखा-जोखा और/ अथवा विनियामक उपाय के बिना) को ऋण अथवा प्रतिभूति देने अथवा किसी निवेश, ऋण अथवा प्रतिभूति के संबंध में कर से छूट प्राप्त प्रकृति के कार्यों अथवा भुगतानों के कराधान के मामले में कोई टिप्पणी नहीं करती। इंडिया रेटिंग्स आपकी सलाहकार नहीं है, न ही इंडिया रेटिंग्स आपको अथवा किसी अन्य पार्टी को कोई वित्तीय सलाह देती है अथवा न ही कोई विधिक, लेखापरीक्षा, लेखा-जोखा, मूल्यांकन, वैल्यूएशन अथवा एक्यूरियल सेवाएं प्रदान करती है। किसी रेटिंग को उक्त सलाह अथवा सेवा के बदले नहीं लिया जाना चाहिए। इंडिया रेटिंग्स की रेटिंग्स निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी हो सकती है और इंडिया रेटिंग्स यह ध्यान रखती है कि

आप इस पत्र के विवरणों तथा रेटिंग के संबंध में किन्हीं बदलावों की जानकारी निवेशकों को देने के लिए जिम्मेदार हैं।

यह महत्वपूर्ण होगा कि आप शीघ्र वह समस्त जानकारी हमें उपलब्ध कराएं जो रेटिंग्स के लिए सहायक हो सकती है ताकि हमारी रेटिंग्स समुचित बनी रह सके। रेटिंग उठ सकती है, गिर सकती है, वापस ली जा सकती है अथवा उस रेटिंग का स्थान ले सकती है, जिसकी जानकारी की सटीकता अथवा पर्याप्तता के लिए जिसे बदल जाना हो, कुछ जोडा जाना हो अथवा कोई अन्य कारण जिसे इंडिया रेटिंग्स द्वारा पर्याप्त माना जाता हो।

इस पत्र में ऐसा कुछ निहित नहीं है अथवा ऐसा कुछ शामिल अथवा जोडा नहीं जाएगा जिससे इंडिया रेटिंग्स और आपके बीच अथवा इंडिया रेटिंग्स और रेटिंग्स के किसी उपयोगकर्ता के बीच झूठे संबंध स्थापित होते हो।

इस पत्र में ‘‘इंडिया रेटिंग्स’’ का अभिप्राय इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड और उसके हित वाले किसी उत्तराधिकारी से है।

हमें प्रसन्नता है कि हमें आपकी सेवा करने का अवसर प्रदान किया गया है। यदि हमारी और सहायता की आवश्यकता पडे तो कृपया अधोहस्ताक्षरी से फोन नं. +91 2240001700 पर संपर्क किया जा सकता है।

सादर,

इंडिया रेटिंग्स

**डॉ. देवेन्द्र कुमार पंत**
**वरिष्ठ निदेशक**

**सलिल गर्ग**
**निदेशक**